नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से



5 अमित शाह बोले-बंगाल में बदलाव तय है



6 पहलगाम से जुड़े प्रश्न अब भी अनुत्तरित




7 केंद्र सरकार ने ईंधन आपूर्ति की मजबूत



10 अहंकार होटल के कमरे में ही छोड़ आता हूँ: रवींद्र जडेजा

# बंगाल में 74 साल का रिकॉर्ड टूटा

## असम, केरलम और पुडुचेरी में भी टूट चुके हैं रिकॉर्ड

**बंगाल**

**91.46% मतदान**

**152 सीटों पर वोटिंग**

81.56 प्रतिशत मतदान 2021 में हुआ था

**तमिलनाडु**

**84.41% मतदान**

**234 सीटों पर वोटिंग**

76.06 प्रतिशत मतदान 2021 में हुआ था



सुवेंदु अधिकारी



रजनीकांत



कनिमोझी



स्टालिन

**कोलकाता/चेन्नई, 23 अप्रैल. पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में गुरुवार को बंपर वोटिंग हुई. बंगाल की 294 सीटों में से 152 सीटों पर पहले फेज में 91.46% मतदान हुआ. वहीं, तमिलनाडु की सभी 234 सीटों पर रिकॉर्ड 84.41% वोटिंग हुई.**

बता दें कि बंगाल में 2021 में 81.56 प्रतिशत मतदान हुआ था. वहीं तमिलनाडु में 76.06 प्रतिशत मतदान हुआ था.

दोनों राज्यों के इतिहास में पहली बार सबसे ज्यादा वोटिंग हुई है. चुनाव आयोग के आंकड़े शाम 5 बजे तक हैं. इनमें बदलाव हो सकता है. ममता ने वोटिंग के बाद कहा- बंगाल की जनता ने एसआईआर के खिलाफ बंपर वोटिंग की है. गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि टीएमसी का सूरज ढल चुका है. इससे पहले असम, केरलम और पुडुचेरी में भी 9 अप्रैल को रिकॉर्ड वोटिंग हुई थी. असम के इतिहास में सबसे ज्यादा 85.91%, पुडुचेरी में 90% और केरलम में 1987 के बाद सबसे ज्यादा 78.27% वोटिंग हुई थी. पाचों राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजे 4 मई को एकसाथ आएंगे.

मुर्शिदाबाद के नौदा में बुधवार देर रात देसी बम से हमले में कई लोग घायल हो गए. आम जनता उन्नयन पार्टी चीफ हुमायूं कबीर सुबह घटनास्थल पर पहुंचे. इस दौरान उनके समर्थकों और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच मारपीट, पथराव हुआ. पुलिस ने लाठीचार्ज किया.

### बंगाल में कहां-कितनी वोटिंग

| जिले का नाम | वोट प्रतिशत | जिले का नाम | वोट प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| कूचबिहार | 92.07 | मुर्शिदाबाद | 91.36 |
| अलीपुरदुआर | 88.74 | पूर्व मेदिनीपुर | 88.55 |
| जलपाईगुड़ी | 91.2 | पश्चिम मेदिनीपुर | 90.7 |
| कलिम्पोंग | 81.98 | झारग्राम | 90.53 |
| दार्जिलिंग | 86.49 | पुरुलिया | 87.35 |
| उत्तर दिनाजपुर | 89.74 | बांकुड़ा | 89.91 |
| दक्षिण दिनाजपुर | 93.12 | पश्चिम बर्धमान | 86.89 |
| मालदा | 89.56 | बीरभूम | 91.55 |

**महाराष्ट्र की 2 व गुजरात की एक सीट पर उपचुनाव**

महाराष्ट्र की दो और गुजरात की एक सीट पर गुरुवार को उपचुनाव हुए. सभी सीटों पर तत्कालीन विधायक के निधन के कारण उपचुनाव जरूरी हो गए थे. जिन सीटों पर मतदान हुए, उनमें महाराष्ट्र की दो बारामती और राहुरी विधानसभा सीटें शामिल हैं. वहीं, गुजरात की उमरेठ विधानसभा सीट के लिए वोटिंग हुई.

# पीएम मोदी ने दी 10 गारंटी

## ममता सरकार पर साधा निशाना, बोले- 4 मई को दीदी गई



**कोलकाता, 23 अप्रैल. पश्चिम बंगाल में गुरुवार को दूसरे चरण की 142 सीटों के लिए चुनाव प्रचार भी पूरी तेजी पर है. इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कृष्णानगर में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार पर जमकर निशाना साधा.**

अपने भाषण में पीएम मोदी ने चुटकी लेते हुए कहा, झालमुड़ी मैंने खाई है लेकिन झाल (मिर्ची) टीएमसी को लगी है. उन्होंने कहा कि 4 मई को बंगाल में भाजपा-एनडीए की जीत का जश्न मनाया जाएगा, मिठाई बांटी जाएगी और झालमुड़ी भी बांटी जाएगी. उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में पहले चरण का मतदान हो रहा है और तमिलनाडु में भी मतदान जारी है. उन्होंने सभी मतदाताओं को शुभकामनाएं देते हुए अपील की कि इस बार मतदान के नए रिकॉर्ड बनें और लोकतंत्र के इस पर्व को पूरे उत्साह के साथ मनाया जाए. मतदान पुराने सभी रिकॉर्ड तोड़ रहा है प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अब तक की जानकारी के अनुसार मतदान पुराने सभी रिकॉर्ड तोड़ रहा है. कृष्णानगर में भय पर भरोसे की जीत का माहौल दिखाई दे रहा है. उन्होंने कहा कि भय खत्म हो रहा है और भरोसा आगे बढ़ रहा है. जिन लोगों की आवाज सालों से दबाई गई थी, वे अब खुलकर बोल रहे हैं. गांव-गांव, गली-गली, महिलाएं-पुरुष, युवा और बुजुर्ग सभी बदलाव की बात कर रहे हैं.

**जनता टीएमसी के कथित 'जंगलराज' के खिलाफ**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आरोप लगाया कि 15 साल पहले जनता ने वामपंथ के खिलाफ आवाज उठाई थी और अब वही जनता तृणमूल कांग्रेस के कथित 'जंगलराज' के खिलाफ खड़ी है. यह चुनाव न मोदी लड़ रहा है और न ही भाजपा के कार्यकर्ता बल्कि यह चुनाव बंगाल की जनता खुद लड़ रही है.

### एक नजर में



**उपराष्ट्रपति ने ऋषिकेश एम्स विस्तार को सराहा**

**ऋषिकेश.** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन गुरुवार को उत्तराखंड के ऋषिकेश स्थित अखिल भारतीय आयुर्वेद विज्ञान संस्थान के छठे दीक्षांत समारोह में शामिल हुए. इस दौरान, उपराष्ट्रपति ने स्नातकों से सहानुभूति, ईमानदारी और राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता के साथ सेवा करने का आह्वान किया. उन्होंने एम्स के विस्तार की सराहना करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवा सभी तक पहुंचनी चाहिए. ऋषिकेश को चिंतन और उपचार के वैश्विक केंद्र और हिमालय के प्रवेश द्वार के रूप में आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि ऐसा वातावरण दीक्षांत समारोह की गंभीरता को और भी गहरा कर देता है.

**डीजीसीए ने इंडिगो को दी चेतावनी**

**नई दिल्ली.** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने पिछले साल दिसंबर में लागू अधिकतम किराया सीमा के उल्लंघन के मामले में विमान सेवा कंपनी इंडिगो को चेतावनी जारी की है. इंडिगो ने दिसंबर 2025 के पहले सप्ताह में हजारों की संख्या में उड़ानें रद्द की थीं. घरेलू हवाई यातायात में तकरीबन 60 फीसदी की हिस्सेदारी रखने वाली एयरलाइंस के खिलाफ आरोप था कि उसने उड़ानों की कमी का फायदा उठाकर जो उड़ानें चल रही थीं उन पर टिकट के दाम बढ़ाकर नाजायज मुनाफा कमाया. उल्लेखनीय है कि टिकटों की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि की बात सामने आने पर डीजीसीए ने अधिकतम किराये की सीमा तय कर दी थी.

### गुस्ताखी माफ




# सबरीमाला मामले में 'सुप्रीम' टिप्पणी

## व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी को छोड़कर सभी विचारों का सम्मान

**नई दिल्ली, 23 अप्रैल. सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को सुनवाई के दौरान एक अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि वह सभी बड़े लेखकों और विचारकों की राय का सम्मान करता है, लेकिन व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी से मिली जानकारी को स्वीकार नहीं कर सकता. यह टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट की नौ जजों की संविधान पीठ ने की, जो धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ भेदभाव और धार्मिक स्वतंत्रता से जुड़े मामलों की सुनवाई कर रही है. इसमें केरल के सबरीमाला मंदिर का मामला भी शामिल है.**



सुनवाई के दौरान दाऊदी बोहरा समुदाय की ओर से पेश वरिष्ठ वकील नीरज किशन कौल ने कांग्रेस नेता शशि थरूर के एक लेख का जिक्र किया. इस पर मुख्य न्यायाधीश सर्यकांत ने कहा कि व्यक्तिगत राय, व्यक्तिगत ही होती है. इस दौरान जस्टिस बीवी नागरत्ना ने हल्के अंदाज में कहा कि जानकारी व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी से नहीं होनी चाहिए. हालांकि वकील कौल ने जवाब में कहा कि ज्ञान कहीं से भी मिले, उसे स्वीकार करना चाहिए.

**क्या होती है 'व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी'**

'व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी' सोशल मीडिया पर तेजी से फैलने वाली फर्जी खबरों, गलत सूचनाओं और अफवाहों के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एक व्यंग्यात्मक शब्द है. यह कोई वास्तविक विश्वविद्यालय नहीं है, बल्कि व्हाट्सएप फॉरवर्ड्स के माध्यम से फैलने वाले 'मनगढ़ंत ज्ञान' को दर्शाता है, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने भी अदालती मामलों में सबूत मानने से इंकार कर दिया है.

# राष्ट्रपति ट्रम्प का सीजफायर एकतरफा : ईरान

- ईरानी संसद के स्पीकर मो. बाघेर कालीबाफ ने कहा
- सीजफायर तभी संभव है, जब नाकाबंदी हटाई जाए





**तेहरान, 23 अप्रैल. ईरान ने अमेरिका के साथ किसी भी तरह के सीजफायर से इनकार किया है. ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बाघेर कालीबाफ ने कहा कि मौजूदा समय में सीजफायर तभी संभव है, जब नाकाबंदी हटाई जाए.**

ईरान और अमेरिका के बीच 22 अप्रैल को सीजफायर खत्म हो गया था. ट्रम्प ने इसके खत्म होने से पहले ही इसे एकतरफा तरीके से आगे बढ़ा दिया था. वहीं, ट्रम्प ने कहा कि ईरान के साथ शांति वार्ता के दूसरे दौर को लेकर शुक्रवार तक अच्छी खबर आ सकती है. रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रम्प ने एक संदेश में यह बात कही. पाकिस्तानी अधिकारियों ने भी संकेत दिया है कि ईरान के साथ अगले 36 से 72 घंटों के भीतर नई बातचीत शुरू हो सकती है.

वहीं लेबनान के प्रधानमंत्री नवाफ सलाम ने साफ कहा कि इजराइल की पूरी वापसी के बिना उनका देश कोई समझौता नहीं करेगा. यह बयान वॉशिंगटन में होने वाली बातचीत से पहले आया. उन्होंने कहा कि लेबनान किसी बफर जोन या ऐसी इजराइली मौजूदगी को स्वीकार नहीं करेगा, जहां विस्थापित लोग वापस न लौट सकें और नष्ट हुए शहरों-गांवों का पुनर्निर्माण न हो सके. पेरिस में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मेक्रो से मुलाकात के दौरान दिए इंटरव्यू में सलाम ने कहा कि अमेरिका ही ऐसा पक्ष है, जो इजराइल पर दबाव डाल सकता है. सीजफायर कराने में अमेरिका की भूमिका अहम रही और उम्मीद है कि वह आगे भी इजराइल पर अपना प्रभाव बनाए रखेगा.

**ट्रम्प ने नौसेना चीफ को किया बर्खास्त**

अमेरिका में रक्षा मंत्रालय (पेंटागन) के भीतर लगातार बड़े फैसले लिए जा रहे हैं. राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पहले आर्मी चीफ रैंडी जॉर्ज को हटाया था. अब नौसेना प्रमुख जॉन फेलन को भी पद से बर्खास्त कर दिया है.

# टिहरी हादसा-कार खाई में गिरने से 8 लोगों की मौत

- उत्तराखंड-यूपी में 24 घंटे में 3 बड़े हादसे



**टिहरी, 23 अप्रैल. उत्तराखंड के टिहरी जिले में हुए भीषण सड़क हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया है. चंबा-कोटि मार्ग पर एक कार अनियंत्रित होकर लगभग 300 मीटर गहरी खाई में गिर गई, जिसमें 8 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। सभी लोग एक अंतिम संस्कार में शामिल होकर लौट रहे थे।**

राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल की टीम मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। जिला प्रशासन के अनुसार सभी मृतक घनसाली क्षेत्र के चांजी, ठेला और चकरेड़ा गांव के निवासी थे, जो हरिद्वार में अंतिम संस्कार में शामिल होकर लौट रहे थे. हादसे के बाद प्रशासन और पुलिस ने जांच शुरू कर दी है. पुष्कर सिंह धामी ने टिहरी हादसे पर गहरा दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है और प्रशासन को घायलों के बेहतर इलाज के निर्देश दिए हैं.

# महिला के सिर में गोली मारकर हत्या



शादी कार्ड के बहाने घर में घुसे थे बदमाश

**शिवपुरी, 23 अप्रैल. जिले में अपराधियों ने हत्या करने के लिए अनोखे तरीके का इस्तेमाल किया. घटना तेंदुआ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले डेहरवारा गांव की है. तीन अज्ञात बदमाश जिन्होंने अपने चेहरे कपड़े से ढके हुए थे एक घर के सामने पहुंचे. उन्होंने शादी का कार्ड देने का बहाना बनाकर घर में प्रवेश किया, जिससे घर वालों को उन पर कोई शक न हो. जैसे ही वे अंदर घुसे उन्होंने घर में मौजूद एक महिला को निशाना बनाया. बिना एक पल भी हिचकिचाए, बदमाशों ने महिला के सिर में गोली मार दी.**

इस घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल छा गया है. तीन अज्ञात बदमाश मुंह बांधकर शादी का न्योता देने के बहाने घर में घुस गए. घर में मौजूद एक महिला रामसखी धाकड़ को निशाना बनाते हुए हमलावरों ने उसके सिर में गोली मार दी. गोली लगने से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई और इस घटना से वहां अफरा-तफरी मच गई. गोली चलने की आवाज और हमले की अचानकता ने घर और आस-पास के इलाके में दहशत फैला दी. अपराध को अंजाम देने के तुरंत बाद, तीनों हमलावर मौके से भाग निकलने में कामयाब हो गए. परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और गंभीर रूप से घायल रामसखी को जल्द से जल्द अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनके घाव इतने गहरे थे कि रास्ते में ही उनकी मौत हो गई. अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. फिलहाल पुलिस घटनास्थल का मुआयना कर रही है और आस-पास के लोगों से पूछताछ कर रही है.

# साझेदारी में मुनाफे का झांसा देकर 27 लाख रुपए की ठगी

नव भारत न्यूज

**इंदौर, 23 अप्रैल. शहर में हो रही ऑनलाइन ठगी के मामले कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं. साझेदारी में व्यापार के नाम पर 27 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है. शिकायत के आधार पर क्राइम ब्रांच ने छत्रीबाग में रहने वाले आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.**

फरियादी हरसिमन सिंह की शिकायत पर छत्रीबाग में रहने वाले सत्यविंद सिंह चावला के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है. आरोपी ने फ्रेंच लिंक इंटरप्राइजेस नाम से फर्म बनाकर जनवरी 2025 से जून 2025 के बीच मुनाफे का लालच देकर कई लोगों से निवेश कराया. फरियादी ने पुलिस को बताया कि फर्म के लिए उद्योग नगर क्षेत्र में प्लॉट किराए पर लिया गया था, जिसमें आरोपी की 50 प्रतिशत हिस्सेदारी थी.

आरोपी ने पार्टनर्स से बैंक खातों के जरिए लाखों रुपए तो ले लिए, लेकिन मुनाफा होने के बावजूद उन्हें उनका हिस्सा नहीं दिया. जांच के दौरान फर्म के ऑडिट में गड़बड़ी सामने आई. आरोप है कि निवेश की रकम का इस्तेमाल आरोपी ने निजी खर्चों में किया. वहीं गोदाम में रखे माल का वास्तविक मूल्य कम दिखाया गया और बड़ी मात्रा में सामान को एक्सपायरी बताकर नुकसान दर्शाया गया. क्राइम ब्रांच ने अन्य पार्टनर्स के बयान दर्ज कर दस्तावेजों की जांच की.

**आई-पैक रेड मामला** | सुप्रीम कोर्ट में ईडी-बंगाल सरकार में तीखी बहस, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा-

# सूबे में कानून का राज पूरी तरह फेल

**नई दिल्ली, 23 अप्रैल. सुप्रीम कोर्ट में आई-पैक रेड मामले की सुनवाई के दौरान ईडी और पश्चिम बंगाल सरकार के बीच जोरदार कानूनी जंग देखने को मिली. सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने राज्य में 'कानून के शासन' की अनुपस्थिति का आरोप लगाया. वहीं सीनियर अधिवक्ता मेनका गुरुस्वामी ने अदालती कार्यवाही के राजनीतिक इस्तेमाल पर आपत्ति जताई. सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई शुरू होते ही माहौल गरमा गया.**




पश्चिम बंगाल सरकार की तरफ से पेश सीनियर एडवोकेट गुरुस्वामी ने आरोप लगाया कि अदालती कार्यवाही को सोशल मीडिया पर एक राजनीतिक दल द्वारा चुनाव प्रचार के हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है. उन्होंने सॉलिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता के लहजे पर भी आपत्ति जताई. जवाब में एसजी मेहता ने कहा कि वह किसी के इशारे पर राजनीतिक नहीं बल्कि तथ्यों पर आधारित कानूनी दलीलें दे रहे हैं. उन्होंने कोर्ट से कहा कि पश्चिम बंगाल में एक खास पैटर्न के तहत जांच को बाधित किया जा रहा है और बाबासाहेब अंबेडकर ने कभी ऐसी स्थिति की कल्पना भी नहीं की होगी. सूबे में कानून का राज पूरी तरह फेल है. सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि 8 जनवरी को कोयला तस्करी मामले की जांच के दौरान 10 ठिकानों पर छापेमारी की गई थी, जिसमें प्रतीक जैन का आवास भी शामिल था. ईडी का आरोप है कि अवैध कोयला खनन से मिले 20 करोड़ रुपये की 'प्रोसीड्स ऑफ क्राइम' को हवाला के जरिए आई-पैक को ट्रांसफर किया गया था. मेहता ने सनसनीखेज दावा किया कि छापेमारी के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी खुद सैकड़ों पुलिस अधिकारियों के साथ दोपहर 12:40 बजे परिसर में घुस गईं. उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने ईडी अधिकारियों से जबरन डिजिटल डिवाइस और दस्तावेज छीन लिए और कंप्यूटर सिस्टम का बैकअप रोक दिया.

**राज्य सरकार और पुलिस विभाग पर सवाल**

सुनवाई के दौरान एसजी मेहता ने राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और पुलिस कमिश्नर की मौजूदगी पर कड़े सवाल किए. उन्होंने कहा कि जब मुख्यमंत्री वहां पहुंचीं, तो डीजीपी और कमिश्नर उनके साथ ऐसे खड़े थे जैसे वे उनके 'निजी सुरक्षा अधिकारी' हों. राज्य सरकार के उस हलफनामे पर भी तंज कसा गया, जिसमें कहा गया था कि मुख्यमंत्री ए कैटेगरी की सिक्योरिटी प्राप्त हैं, इसलिए अधिकारी वहां मौजूद थे. मेहता ने कहा कि मुख्यमंत्री के जाने के बाद भी डीजीपी वहां रुके रहे, जो इस बात का सबूत है कि जांच को प्रभावित करने और सुबूत मिटाने करने की कोशिश की.

### टीसीएस के इंजीनियर से 4.73 लाख की ऑनलाइन ठगी

**इंदौर, 23 अप्रैल.** ऑनलाइन ठगी के मामले में ठगों ने बैंक कर्मचारी बनकर कॉल किया और ओटीपी हासिल कर टीसीएस इंजीनियर के खाते से 4 लाख 73 हजार रुपए निकाल लिए. पुलिस ने शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. फरियादी आभास हिंगे की शिकायत पर दो मोबाइल नंबर धारकों के खिलाफ केस दर्ज किया है. ठगों ने खुद को बैंक कर्मचारी बताकर पहले भरोसा जीता और फिर ओटीपी लेकर खाते से रकम पार कर दी. आभास ने बताया कि 7 अप्रैल को उन्हें एक कॉल आया, जिसमें कॉलर ने खुद को एक्सिस बैंक का कर्मचारी बताते हुए क्रेडिट कार्ड जारी करने की बात कही. इस दौरान उसने ओटीपी मांगा, लेकिन आभास ने ओटीपी देने से इनकार कर दिया, जिसके बाद कॉल कट गया. कुछ देर बाद उनके मोबाइल पर करीब 1 लाख रुपए कटने का मैसेज आया. इसके बाद दूसरे नंबर से कॉल आया, जिसमें कॉलर ने खुद को एचडीएफसी बैंक का कर्मचारी बताया और ट्रांजेक्शन के बारे में पूछताछ की. आभास द्वारा जानकारी देने पर आरोपी ने उन्हें कॉन्फ्रेंस कॉल पर जोड़ दिया. यहां ट्रांजेक्शन रिवर्स करने का झांसा देकर फिर से ओटीपी जनरेट कराया. जैसे ही आभास ने ओटीपी साझा किया, कॉल कट गया और खाते से लगातार रकम कटने लगी. इसके बाद आरोपियों ने दोबारा कॉल कर प्रोसेस पूरा करने के नाम पर एक और ओटीपी मांगा. अलग अलग ट्रांजेक्शन के जरिए 4 लाख 73 हजार रुपए निकाल लिए गए. ठगी का एहसास होने पर आभास ने तुरंत साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई.